Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स मध्य प्रदेश

## नवम्बर 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


**मध्य प्रदेश** **3**

- ग्वालियर यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज में शामिल 3
- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में तीन नए जजों ने सँभाला पदभार 4
- सीईओ एम.पी. के नाम से व्हाट्सएप चैटबॉट लॉन्च 4
- लीजेंड लीग क्रिकेट ट्रॉफी टूर भोपाल से शुरू 6
- विद्यार्थियों की अनूठी पहल: महाकाल लोक की 200 मूर्तियों को चित्रों में उकेरकर बनाएंगे वर्ल्ड रिकॉर्ड 7
- प्रदेश में पहली बार युवाओं को मिली मतदान केंद्र संभालने की ज़िम्मेदारी 8
- पानी में डूबते लोगों को बचाएगा ड्रोन 'नभ रक्षक' 8
- पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 10 से 12 दिसंबर तक 10
- मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023: प्रदेश में 77.15 प्रतिशत हुआ मतदान 10
- 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की सहभागिता 11
- प्रदेश में ईवी से होगा घर-घर कचरा संग्रहण, बंद होंगे डीजल व सीएनजी वाहन 12
- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुरू हुई बायसन की गणना 13
- वीरा राणा को मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार 13


दृष्टि The Vision

**नोट :**

# मध्य प्रदेश


## ग्वालियर यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज में शामिल

### चर्चा में क्यों?

31 अक्तूबर, 2023 को मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर को यूनेस्को (UNESCO) ने अपनी क्रिएटिव सिटीज में शामिल किया है। ग्वालियर को उसकी संगीत विरासत के लिये चुना गया है।

### प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट कर बताया कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर ग्वालियर-वासियों के लिये एक गौरव भरा ऐतिहासिक पल है। UNESCO द्वारा ग्वालियर को 'सिटी ऑफ म्यूजिक'की मान्यता दी गई है।
- यूनेस्को ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से दुनिया भर से 55 क्रिएटिव शहरों की सूची जारी की है। इनमें भारत से दो शहरों को जगह दी गई है। मध्य प्रदेश से ग्वालियर और केरल से कोझिकोड को यूनेस्को ने अपनी सूची में स्थान दिया है। ग्वालियर को 'संगीत'और कोझिकोड को 'साहित्य'के लिये चुना गया है।
- यूनेस्को ने अब तक इस सूची में 100 से अधिक देशों के 350 शहरों को शामिल किया है।
- विदित हो कि मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग ने इसका प्रस्ताव यूनेस्को को भेजा था। इस प्रस्ताव में बताया गया था कि ग्वालियर अपनी संगीत धरोहर के लिये दुनियाभर में जाना जाता है। यह शहर तानसेन, बैजू बाबरा, राग-रागनी, ध्रुपद के लिये प्रसिद्ध है।




नोट :



## मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में तीन नए जजों ने सँभाला पदभार

### चर्चा में क्यों ?

1 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में तीन नए न्यायाधीशों जस्टिस राजमोहन सिंह, जस्टिस राजेंद्र कुमार चतुर्थ व जस्टिस दुपल्ला वेंकट रमना ने पदभार सँभाल लिया। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ ने तीनों को शपथ दिलाई।

### प्रमुख बिंदु

- जस्टिस राजमोहन सिंह, जस्टिस राजेंद्र कुमार चतुर्थ व जस्टिस दुपल्ला वेंकट रमना तीनों क्रमशः पंजाब-हरियाणा, इलाहाबाद व आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर आए हैं।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति की अनुमति के बाद केंद्रीय विधि एवं न्याय विभाग ने गत दिनों तीनों न्यायाधीशों के स्थानांतरण की अधिसूचना जारी की थी।
- मध्य प्रदेश हाइकोर्ट में कुल 53 स्वीकृत पदों के मुकाबले महज 31 जज कार्यरत थे। किंतु तीन नए जज आने के बाद यह संख्या बढ़कर 34 हो गई। इसके बाद भी 19 पद रिक्त हैं।

## सीईओ एम.पी. के नाम से व्हाट्सएप चैटबॉट लॉन्च

### चर्चा में क्यों ?

4 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन द्वारा प्रदेश के मतदाताओं की सुविधा के लिये सीईओ एम.पी. के नाम से व्हाट्सएप चैटबॉट लॉन्च किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- व्हाट्सएप चैटबॉट की सुविधा प्रदान करने से प्रदेश के मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ आसानी से मिल सकेंगी।

- इस नवाचार के तहत चैटबॉट के माध्यम से बातचीत कर मतदाता निर्वाचन से संबंधित विभिन्न जानकारियाँ, जैसे- मतदाता सूची में नाम दर्ज है या नहीं, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के तरीके, उसमें लगने वाले दस्तावेज़ आदि निर्वाचन से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं।
- व्हाट्सएप चैटबॉट ceomadhyapradesh.nic.in पर उपलब्ध है। यह हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में 24 घंटे उपलब्ध है। नागरिक वेबसाइट पर जाकर आसानी से व्हाट्सएप चैटबॉट से जुड़ सकते हैं।
- व्हाट्सएप चैटबॉट से वेबसाइट के साथ ही मतदाता क्यूआर कोड के माध्यम से भी सीईओ एम.पी. के व्हाट्सएप चैटबॉट से आसानी से जुड़ सकते हैं। इसके लिये मतदाताओं को क्यूआर कोड स्कैन कर लिंक पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही सीईओ एम.पी. के नाम से वेरीफाइड व्हाट्सएप पेज ओपन होगा।
- क्यूआर कोड भी ceomadhyapradesh.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।



## मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और ज़िला निर्वाचन अधिकारी होंगे पुरस्कृत

### चर्चा में क्यों?

6 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि राज्य विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और बूथ लेवल अधिकारी को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- यह नवाचार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा किया जा रहा है।
- गौरतलब है कि मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिये प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा।
- निर्वाचन कार्य में बीएलओ की सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले शीर्ष 3-3 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को सम्मानित किया जाएगा। इस तरह से प्रदेश के 690 बीएलओ को पुरस्कार के रूप में 5-5 हज़ार रुपए की नकद राशि व प्रशस्ति पत्र भेंट की जाएगी।

नोट :

- इसी प्रकार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से ज़िले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 230 विधानसभा क्षेत्रों में से शीर्ष-3 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को 1-1 लाख रुपए पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया जाएगा।
- इनके अलावा शीर्ष-3 कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी और ज़िला नोडल अधिकारी (स्वीप) को संबंधित विधानसभा क्षेत्र एवं ज़िले में स्वीप गतिविधियों के लिये 5-5 लाख रुपए की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया जाएगा।
- चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों को यह पुरस्कार 25 जनवरी, 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा भव्य और गरिमामय सम्मान समारोह में दिया जाएगा।

## लीजेंड लीग क्रिकेट ट्रॉफी टूर भोपाल से शुरू

### चर्चा में क्यों ?

9 नवंबर, 2023 को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में लीजेंड्स लीग क्रिकेट ट्रॉफी टूर की शुरुआत रानी कमलापति स्टेशन, भोपाल पर वंदे भारत ट्रेन से की गई। इस टूर का उद्देश्य भारत में खेल संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना है।

### प्रमुख बिंदु

- इस ट्रेन से दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी जोंटी रोड्स, सैयद किरमानी, मोंटी पनेसर और ईश्वर पांडेय हजरत निजामुद्दीन के लिये रवाना हुए। 15 दिन के इस यात्रा में ये ट्रॉफी 17 विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी।
- लीजेंड्स लीग क्रिकेट की ओर से भारतीय रेलवे की साझेदारी के साथ इसे आयोजित किया जा रहा है।
- इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में गौतम गंभीर, सुरेश रैना, इरफान पठान, क्रिस गेल, केविन पीटरसन, एस श्रीसंत, पार्थिव पटेल, शेन वॉटसन, प्रवीण कुमार, झूलन गोस्वामी जैसे क्रिकेट के दिग्गज शामिल होंगे। ये सभी उत्तर, दक्षिण, मध्य, पूर्व और पश्चिम जैसे पाँच रेलवे क्षेत्रों में फैली वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार होंगे।
- विदित हो कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट का दूसरा संस्करण 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक होगा और पांच शहरों- रांची, देहरादून, जम्मू, विजाग और सूरत में आयोजित किया जाएगा।
- छह टीमें इंडिया कैपिटल्स, मणिपाल टाइगर्स, गुजरात जायंट्स, अर्बनराइजर्स हैदराबाद, साउदर्न सुपरस्टार्स, भीलवाड़ा किंग्स इस दौरे के माध्यम से अनावरण की जाने वाली प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिये प्रतिस्पर्धा करेंगे।
- पहला मैच इरफान पठान की कप्तानी वाली भीलवाड़ा किंग्स और मौजूदा चैंपियन गौतम गंभीर की कप्तानी वाली इंडिया कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा।



## विद्यार्थियों की अनूठी पहल: महाकाल लोक की 200 मूर्तियों को चित्रों में उकेरकर बनाएंगे वर्ल्ड रिकॉर्ड

### चर्चा में क्यों ?

9 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल लोक में बनी 200 मूर्तियों के चित्र बनाकर फागुनी ललित कला केंद्र के 15 विद्यार्थी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं, जिसकी शुरूआत इस्कॉन मंदिर में लाईव पेंटिंग परफार्मेंस के माध्यम से की गई।

### प्रमुख बिंदु

- यहाँ इन विद्यार्थियों ने महाकाल लोक में मुख्य द्वार में बनी गणपतिजी की प्रतिमा का सर्वप्रथम चित्र बनाया, इसके बाद भगवान विष्णु के दशावतार को चित्रों के माध्यम से उकेरा।
- फागुनी ललित कला केंद्र के 15 विद्यार्थियों ने इस्कॉन मंदिर में लाईव पेंटिंग परफार्मेंस के माध्यम से भगवान विष्णु के दशावतार को जीवंत कर दिया। यहाँ इन विद्यार्थियों ने भगवान विष्णु द्वारा धरती पर अवतार लेने वाले श्रीराम, कृष्ण, वामन सहित सभी अवतारों को चित्रकला के माध्यम से उकेरा।
- विद्यार्थियों में ऋचा डोडिया, अंशु वाडिया, भावार्थ चौधरी, आर्या जाट, राजू पुष्पद, गीता आनंद, कनक अलवानी, आर्यन जगदाले, मुकुल आर्य, प्रनेंद्र राठौर, हर्षल पचोरी, हर्षिका धाकड़, शीतल मेवाड़ा ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।





नोट :

## प्रदेश में पहली बार युवाओं को मिली मतदान केंद्र संभालने की ज़िम्मेदारी

### चर्चा में क्यों?

16 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश चुनाव आयोग ने प्रदेश में पहली बार युवाओं को भी मतदान केंद्र संभालने की ज़िम्मेदारी दी है।

### प्रमुख बिंदु

- चुनाव आयोग ने 371 मतदान केंद्र ऐसे बनाए हैं, जहाँ चुनाव कराने की ज़िम्मेदारी 30 साल से कम आयु के अधिकारियों/कर्मचारियों के पास रहेगी।
- इसके अलावा चुनाव आयोग द्वारा 5 हज़ार 160 पिंक बूथ बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों की ज़िम्मेदारी पूरी तरह से महिला मतदानकर्मी संभालेंगे।
- इसी प्रकार दिव्यांगों के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए उन्हें भी 183 मतदान केंद्रों की ज़िम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा 3 हज़ार आदर्श मतदान केंद्र और 60 ग्रीन मतदान केंद्र भी है।
- प्रदेश में पहली बार ग्रीन मतदान केंद्र बनाए गए है। ये केंद्र जबलपुर और बालाघाट ज़िलों में हैं। इनकी विशेषता यह है कि इन मतदान केंद्रों में प्लास्टिक या पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले किसी भी सामान का इस्तेमाल नहीं किया गया है।



## पानी में डूबते लोगों को बचाएगा ड्रोन 'नभ रक्षक'

### चर्चा में क्यों?

19 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर की पिसार्व टेक्नोलॉजीस कंपनी ने 'नभ रक्षक' नाम का एक ऐसा ड्रोन तैयार किया है जो पानी में डूबते हुए लोगों को न केवल डिटेक्ट करेगा बल्कि उनकी जान भी बचाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- कंपनी के फाउंडर और चीफ टेक्निकल ऑफिसर (CTO) अभिषेक मिश्रा व चीफ पीपुल ऑफिसर (CPO) रोशनी शुक्ला (मिश्रा) का दावा है कि यह भारत ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इनेबल ड्रोन है।
- आमतौर पर दूसरे ड्रोन उड़ते हैं लेकिन इस ड्रोन के साथ ऑन बोर्ड कम्प्यूटर भी है जो साथ में उड़ता है। यह ड्रोन समुद्र में, नदी में, तालाब आदि में कोई डूब रहा है तो ऑटोमैटिक उसे डिटेक्ट कर लेगा। इस दौरान वहां बेस्ड स्टेशन पर अलार्म बजेगा।

- डिटेक्ट करने के अलावा इसमें एक और सुविधा है कि जब कोई डूबता है तो यह संबंधित व्यक्ति के ऊपर जाकर लाइफ सेविंग जैकेट गिरा देगा। ऐसे में डूबता हुआ व्यक्ति उस जैकेट की मदद से करीब एक घंटे तक पानी में आराम से तैर सकता है और उसकी जान बच सकती है।
- अभिषेक मिश्रा ने बताया कि उक्त ड्रोन का गोवा के सभी 52 बीचेस पर इंस्टालेशन किया जाएगा। इसी तरह गुजरात के कोस्टल एरिया, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश में भी खासकर वाराणसी के घाटो में इसका उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा आने वाले सालों में उत्तर प्रदेश में कुंभ मेले में हादसों पर नियंत्रण के लिये इसका उपयोग किया जा सकेगा।
- मध्य प्रदेश में भी अब चुनाव के बाद नई सरकार बनने के बाद चर्चा की जाएगी और इसका प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। प्रदेश में भी इसका उपयोग हनुमंतिया सहित सभी बड़ी नदियों, तालाबों में आसानी से किया जा सकेगा।
- कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (COO) दुर्गेश शुक्ला व डायरेक्टर आलोक वाणी ने बताया कि इंडियन नैवी कोराकुट (ओडिशा) ने भी इसके ऑर्डर दिए हैं। नैवी इसके पूर्व कंपनी द्वारा किए गए सर्विलॉन्स जोन 'गरुड़'का पहले से ही उपयोग कर रही है। 1 दिसंबर को वहाँ 'नभ रक्षक' इंस्टॉल किया जाएगा।
- कंपनी के सीईओ अमित पांचाल के मुताबिक पिसार्व टेक्नोलॉजीस कंपनी इसके पूर्व 'सरल' लॉन्च कर चुकी है। यह थ्री डी ऑगमेंटेड रियलटी पर काम करता है जो बच्चों के लिये हैं। दूसरा ऑफ लाइन कोडियन प्रोग्राम्स 'सॉल्युशन्स'है। तीसरा इनोवेशन 'कवच'है और चौथा 'ड्रोन'। इसमें पहले मल्टी स्पेशलिटी वाला ड्रोन 'गरुड़'को लॉन्च किया गया जो जंगल में आग लगते ही अलार्म बजाता है। यह फॉरेस्ट, माइंस, रेलवे, पुलिस विभाग के सर्विलांस के लिये उपयोगी है।
- नभ रक्षक ड्रोन की विशेषताएँ-
  - यह भारत का ऑटोनोमस ड्रोन है जो पानी में डूबते हुए व्यक्ति को ऑटोमेटिक डिटेक्ट करता है और उसे बचाने के लिये लाइफ सेविंग जैकेट गिरा देता है।
  - इसका वजन 2 किग्रा. है और यह 600 फीट की ऊँचाई तक उड़ सकता है।
  - इसमें 2 हाईटेक कैमरे लगे हैं, एक के बंद होते ही दूसरा कैमरा चालू हो जाता है।
  - इसको उड़ाने के लिये रिमोट की जरुरत नहीं पड़ती।
  - ड्रोन के साथ लाइफ सेविंग जैकेट, एयर बलून, पतली रस्सी लटकाई जा सकती है।



नोट :

## पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 10 से 12 दिसंबर तक

### चर्चा में क्यों ?

20 नवंबर, 2023 को एनएचएम मुख्यालय में राज्य टास्क फोर्स की बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 16 ज़िलों में 10 से 12 दिसंबर, 2023 तक पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण में जीरो से 5 वर्ष आयु के लगभग 37 लाख 50 हज़ार बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जाएगी।

### प्रमुख बिंदु

- अभियान की तैयारियों के सिलसिले में हुई टास्क फोर्स की बैठक में महिला-बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरीय प्रशासन, वन, पंचायत, आदिम जाति कल्याण, आयुष, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों और डब्ल्यू.एच.ओ., यूनिसेफ, यूएनडीपी और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- बैठक में बताया गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के केस मिलने के कारण और साथ ही पोलियो-फ्री स्टेटस को मेंटेन रखने के लिये पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण किया जा रहा है।
- प्रदेश के भिंड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगौन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा ज़िलों में अभियान संचालित होगा।
- इन ज़िलों में पोलियो दवाई पिलाने के लिये स्थानीय बूथ के साथ-साथ माइग्रेटरी पापुलेशन को कवर करने के लिये मोबाइल टीम भी गठित की जाएगी।

## मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023: प्रदेश में 77.15 प्रतिशत हुआ मतदान

### चर्चा में क्यों ?

21 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये प्रदेश में 17 नवंबर को हुए चुनाव में 77.15 फीसदी मतदान हुआ।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि मध्य प्रदेश में विधानसभा की 230 सीटों के लिये 17 नवंबर को एक चरण में मतदान हुआ था। प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2018 की तुलना में इस वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में मतदान में 2.10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है।
- पोस्टल बैलेट के मतदान प्रतिशत को छोड़ दिया जाए, तो इस वर्ष प्रदेश में 77.15 फीसदी मतदान हुआ, इसमें 76.03 प्रतिशत महिलाएं और 78.21 पुरुष मतदाता शामिल हैं। वहीं विधानसभा निर्वाचन 2018 में प्रदेश में 75.05 प्रतिशत मतदान हुआ था।
- मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की खास बातें-
  - सिवनी ज़िले में सबसे अधिक 86.29 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि अलीराजपुर ज़िले में सबसे कम 61.81 प्रतिशत मतदान हुआ।
  - रतलाम ज़िले की सैलाना विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदान हुआ। इस बार का मतदान प्रतिशत 90.10 है, जबकि वर्ष 2018 के निर्वाचन में 88.35 प्रतिशत मतदान हुआ था।
  - प्रदेश में अलीराजपुर ज़िले की जोबट विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 54 फीसदी मतदान हुआ। वर्ष 2018 के विधानसभा निर्वाचन में जोबट विधानसभा का मतदान प्रतिशत 52.31 प्रतिशत था, जबकि वर्ष 2023 में यह 54.37 प्रतिशत हो गया है।
  - विधानसभा निर्वाचन-2023 में प्रदेश के सिवनी ज़िले की लखनादौन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान प्रतिशत में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 में यहाँ मतदान प्रतिशत 77.98 था, जबकि वर्ष 2023 के विधानसभा निर्वाचन में यह बढ़कर 84.71 हो गया है। यहाँ मतदान प्रतिशत में 6.73 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
  - वर्ष 2023 के विधानसभा निर्वाचन में प्रदेश की 230 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 34 ऐसे निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिसमें पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का प्रतिशत अधिक रहा है। सीधी ज़िले की सिंहावल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-78 में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मत प्रतिशत 11.91 प्रतिशत अधिक है।

नोट :




## 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की सहभागिता

### चर्चा में क्यों ?

22 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने गोवा में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में अपनी सहभागिता की। प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने फिल्म एवं वेब सीरीज इंडस्ट्री से जुड़े हितधारकों को प्रदेश में फिल्म शूटिंग के लिये बुलाया।

### प्रमुख बिंदु

- अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के दौरान प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने पंकज त्रिपाठी, राज कुमार संतोषी, विजय सेतुपति, दिव्या दत्ता सहित कई अन्य प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकारों, फिल्मकारों, निर्माता-निर्देशकों से मुलाकात कर प्रदेश में फिल्म निर्माण के लिये आमंत्रित किया।
- प्रमुख सचिव ने मध्य प्रदेश की फिल्म नीति के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला, जिसमें फिल्म एवं वेब सीरीज निर्माताओं के लिये एक अनुकूल माहौल विकसित करने के उद्देश्य से बनाई गई नीति, वित्तीय प्रोत्साहन, अनुमतियों में आसानी एवं पारदर्शिता, प्राकृतिक सौंदर्य, बेहतर कनेक्टिविटी, अनुकूल मौसम और अत्याधुनिक फिल्मांकन सुविधायें इत्यादि शामिल है।
- मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हितधारकों को प्रदेश में फिल्म शूटिंग के लिये प्रोत्साहित करने और फिल्म टूरिज्म पॉलिसी के तहत दी जाने वाली सुविधाओं, रियायतों से अवगत कराने हेतु 'मध्य प्रदेश में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देना-शासन की पहल और हितधारकों की भूमिका' विषय पर एक नॉलेज सीरीज भी आयोजित की।
- मध्य प्रदेश फिल्म नीति की खास बातें-
- फिल्म परियोजनाओं की अनुमतियाँ लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल है। 15 कामकाजी दिवसों में फिल्म शूटिंग की अनुमति का प्रावधान है।
- ज़िला स्तर पर फिल्म पर्यटन नीति क्रियान्वित करने के लिये प्रत्येक ज़िले में ADM स्तर के अधिकारी को फिल्मांकन अनुमति हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त हैं।
- अनुदान में वेब सीरीज, OTT ओरिजिनल कंटेंट, टीवी सीरियल एवं डॉक्युमेंट्री को शामिल किया है।
- सभी फिल्मांकन अनुमतियों के लिये सिंगल विंडो क्लीयरेंस की सुविधा है।
- स्थानीय कलाकारों हेतु अतिरिक्त वित्तीय अनुदान उपलब्ध हैं एवं फिल्म क्रू का शूटिंग हेतु पर्यटन विभाग के होटल एवं रिसॉर्ट में ठहरने पर छूट का प्रावधान है।

नोट :







## प्रदेश में ईवी से होगा घर-घर कचरा संग्रहण, बंद होंगे डीजल व सीएनजी वाहन

### चर्चा में क्यों ?

23 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के नगरीय निकायों में ई-व्हीकल से घरों से कचरा एकत्रित किया जाएगा। डीजल और सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बंद किया जाएगा। इसको लेकर नगरीय संचालनालय ने प्रस्ताव तैयार किया है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि मध्य प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में अभी डीजल और सीएनजी से चलने वाले वाहनों से घर घर से कचरा एकत्रित किया जा रहा है। अब इन वाहनों को ई-व्हीकल में बदला जाएगा।
- प्रस्ताव के तहत अब नगरीय निकायों में कचरा एकत्रित करने के लिये ई-व्हीकल ही खरीदे जाएंगे। ये ना सिर्फ वायु प्रदूषण को कम करेंगे, बल्कि ईंधन के ऊपर होने वाले अत्यधिक खर्च को भी कम करेंगे। साथ ही ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।
- नगरीय निकाय विभाग केंद्र सरकार की मदद से ई-व्हीकल को लेकर पायलट प्रोजेक्ट चलाएगा। इसके लिये शुरुआत में 250 ई-व्हीकल खरीदे जाएंगे। इन वाहनों को किसी शहर को चिन्हित कर पायलट प्रोजेक्ट के तहत वहां संचालित किया जाएगा। इसके लिये उन शहरों में चार्जिंग स्टेशन समेत अन्य सुविधाएँ भी स्थापित की जाएंगी।
- प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में कचरा एकत्रित करने के लिये 6 हज़ार से ज्यादा वाहनों का उपयोग किया जाता है। प्रत्येक वाहन के ईंधन पर अभी पूरे प्रदेश में 30 लाख रुपए का खर्च आता है। यह राशि एक माह में करीब 9 करोड़ रुपए होती है। ई-व्हीकल के उपयोग से ईंधन पर खर्च होने वाली बड़ी राशि की बचत होगी।
- विभाग नगरीय निकायों में पुराने और कंडम वाहनों को रेट्रोफिटिंग के जरिए ई-व्हीकल में बदलने पर भी विचार कर रहा है। अभी कई नगरीय निकायों में छोटे वाहन खराब पड़े हैं। इन वाहनों को ई-व्हीकल में बदला जाएगा। जिनका इस्तेमाल घर-घर कचरा संग्रहण में किया जाएगा।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुरू हुई बायसन की गणना

### चर्चा में क्यों ?

23 नवंबर, 2023 को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तीन दिवसीय गौर गणना की शुरुआत हुई। 25 नवंबर को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कार्यालय में गणना आंकड़ों को भेजा जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक विवेक सिंह ने बताया कि बांधवगढ टाइगर रिजर्व में तीन दिवसीय गौर गणना की जा रही है। आंकड़े एकत्रित करने के बाद बांधवगढ टाइगर रिजर्व में बायसन के आंकड़े सामने आएंगे।
- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सभी परिक्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी गौर (बायसन) गणना में लगे हुए हैं। बायसन की गणना में टाइगर रिजर्व के लगभग सात सौ कर्मचारी लगे हुए हैं।
- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सभी परिक्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारी बायसन की गणना के लिये सुबह 6 से 9 बजे तक पैदल घूमेंगे। ये लोग बायसन दिखने पर फोटो, जीपीएस लोकेशन और समय के साथ प्रपत्र को इसमें भरेंगे और 25 नवंबर को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कार्यालय में आंकड़ों को भी भेजेंगे।
- विदित हो कि 2012 में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से बायसन को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लाकर बसाया गया था। उसके बाद बायसनो की संख्या में लगातार वृद्धि भी देखी गई है। चार वर्षों में बायसन की गणना होती है।
- बायसन मुख्य रूप से ताला, मगधी और कल्लवाह परिक्षेत्र में देखने को मिलते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 2023 में लगभग डेढ़ सौ बायसन होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## वीरा राणा को मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार

### चर्चा में क्यों ?

29 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग ने चुनाव आयोग की सहमति मिलने के बाद 1988 बैच की आईएएस अधिकारी वीरा राणा को वर्तमान दायित्व के साथ राज्य की मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार देने के आदेश जारी किये।

### प्रमुख बिंदु

- सामान्य प्रशासन विभाग ने मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस की सेवावृद्धि की अवधि समाप्त होने पर उन्हें 30 नवंबर, 2023 अपराह्न शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त किये जाने के आदेश भी जारी कर दिये गए।

- विदित हो कि यह दूसरा अवसर होगा, जब एक महिला अधिकारी प्रदेश की मुख्य सचिव पद का दायित्व संभालेंगी। इससे पहले प्रदेश में 1960 बैच की अधिकारी निर्मला बुच को भाजपा सरकार में 22 सितंबर, 1991 को मुख्य सचिव बनाया गया था। वह 1 जनवरी, 1993 तक मुख्य सचिव रहीं।
- वीरा राणा का जन्म उत्तर प्रदेश में 26 मार्च, 1964 को हुआ था। वह वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष हैं और उनके पास कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार है। वह मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, खेल और युवा कल्याण, प्रशासन अकादमी और कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग की ज़िम्मेदारी संभाल चुकी हैं।
- इकबाल सिंह बैंस के बाद वह प्रदेश में उपलब्ध अधिकारियों में सबसे वरिष्ठ हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने मुख्यमंत्री के अनुमोदन से वरिष्ठता के अनुसार पैनल भेजा था। चुनाव आयोग ने वरिष्ठता के आधार पर वीरा राणा के नाम पर सहमति दी है। वह मार्च, 2024 में सेवानिवृत्त होंगी।

